(b) if so, whether Government propose to start some glass industry in the Public Sector in this area?

The Minister of Mines and Fuel (Shri K. D. Malaviya): (a) It is presumed that hon. Member is referring to glass sand deposits. If so, the reply is in the affirmative.

(b) Government have no such proposal.

गरीबों के लिये आये सामान की दिल्ली में बरामदगी

१३८२. { **श्री प्रकाशवीर शास्त्री :**
श्री जगदेव सिंह सिद्धांती :
श्री मरांडी : }

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विदेशों से दिल्ली में गरीबों को मुफ्त बांटने के लिये गत दो वर्षों में आया कुछ सामान पुलिस ने बरामद किया है ;

(ख) यदि हां, तो यह सामान किस तरह का था और कितनी मात्रा में पकड़ा गया ; और

(ग) क्या व्यक्तियों के अतिरिक्त कुछ संगठन भी ऐसा सामान रखने के दोषी पाये गये हैं और यदि हां, तो उन्हें क्या दण्ड दिया गया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हजरनवीस) : (क) जी हां ।

(ख) १-३-६१ से २८-२-६३ तक के दौरान में ग़रीब और स्कूल के बच्चों में मुफ्त बांटने के लिए विदेशों से प्राप्त ४०४८ पौंड दूध का पाउडर पुलिस ने बरामद किया ।

(ग) जी हां । ऐसी रिपोर्ट मिली है कि एक बनावटी संस्था इससे सम्बन्धित है । मामले की जांच की जा रही है ।

गणतंत्र दिवस समारोह

१३८३. { **श्री भक्त दर्शन :**
श्री भागवत झा आजाद : }

क्या वैज्ञानिक अनुसन्धान और सांस्कृतिक कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गणतन्त्र दिवस समारोह के सिलसिले में २७ जनवरी, १९६३ को नयी दिल्ली के नेशनल स्टेडियम में फिल्मी संगीत का जो कार्यक्रम आयोजित किया गया था उसमें किन किन कलाकारों ने भाग लिया ;

(ख) उस कार्यक्रम से राष्ट्रीय रक्षा कोष के लिये कितने धन की प्राप्ति हुई ; और

(ग) उस कार्यक्रम को आयोजत करने पर कितना धन व्यय हुआ ?

वैज्ञानिक अनुसन्धान और सांस्कृतिक कार्य मंत्री (श्री हुमायून् कबिर) : (क) एक सूची सभा पटल पर रखी गई है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी० -१०५५।६३] ।

(ख) २,२०,००० रुपयों से ज्यादा ।

(ग) करीब ५४,००० रुपये ।

अपाहिजों की शिक्षा

१३८४. **श्रीमती साबित्री निगम** : क्या शिक्षा मंत्री २१ नवम्बर, १९६२ के तारांकित प्रश्न संख्या ३०४ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार की योजना के अन्तर्गत अपाहिजों में शिक्षा प्रसार की कितनी योजनायें अभी तक प्रारम्भ की जा चुकी हैं ; और

(ख) अपाहिजों के लिए काम कर रही स्वयं सेवी संस्थाओं को सन १९६०-६१ और १९६२-६३ में कितनी-कितनी आर्थिक सहायता दी गयी ?